RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार , 31 दिसंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 220 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
R
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## जब्त किए गए प्लास्टिक का बीएमसी करेगी रीयूज



**मुंबई** : मुंबई महानगरपालिका जब्त किए गए प्लास्टिक को पुनः उपयोग में लाने पर विचार कर रही है। अब तक जब्त प्लास्टिक को नष्ट किया जाता था। मुंबई में प्लास्टिक पर लगे बैन के बावजूद उपयोग किया जा रहा है। प्लास्टिक का उपयोग करने वालों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन यह कार्रवाई ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। मुंबई की सब्जी मंडियों, दुकानों सहित सब जगह प्लास्टिक थैलियों की उपलब्धता बीएमसी की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रही है। बीएमसी उपायुक्त संजोग कबरे ने बताया कि जुलाई से दिसंबर के बीच बीएमसी ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 3,991 किलो प्लास्टिक जब्त किया है। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई से 27 दिसंबर तक 6 महीनों में 769 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। इनसे 38 लाख 35 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। बीएमसी जब्त प्लास्टिक ज्यादा समय तक गोदाम में नहीं रख सकती है, इसलिए बीएमसी गोदामों में रखा प्लास्टिक कैसे रीयूज किया जाए इस पर मंथन चल रहा है। संजोग कबरे ने कहा कि प्लास्टिक का पुनः उपयोग कहां किया जा सकता है। इसको लेकर चर्चा चल रही है। प्लास्टिक ऐसा है जो नष्ट नहीं होता है। पर्यावरण को बहुत हानि पहुंचाता है, इसलिए सड़कों के निर्माण में डांबर के साथ मिक्स किया जा सकता है या उसको किसी जगह मिक्स कर उपयोग में लाया जा सकता अगले कुछ दिनों में तय होगा।

# फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर साधा निशाना

## कहा- नाक के नीचे से 50 विधायक चले गए, कुछ नहीं कर पाए



**मुंबई** : उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को उद्धव गुट की शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे और उनके पिता पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह 32 वर्षीय व्यक्ति से नहीं डरते हैं और यहां तक उनके पिता से भी नहीं डरते हैं। उनकी (उद्धव) नाक के नीचे से पचास लोग (विधायक) चले गए और वह कुछ नहीं कर सके। उन्होंने कहा था कि मुंबई जलेगी, लेकिन माचिस की एक तीली भी नहीं जली। महाराष्ट्र विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्ष के नेता अजीत पवार ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानमंडल में उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों को छुआ तक नहीं। 19 दिसंबर से शुरू हुआ विधानसभा और विधान परिषद का सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया। पवार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि विपक्ष ने चार दागी मंत्रियों के इस्तीफे की मांग की थी। उन्होंने कहा, सरकार ने मंत्रियों अब्दुल सत्तार और संजय राठौड़ का बचाव किया, जिन्हें अलग-अलग मामलों में हाईकोर्ट की फटकार खानी पड़ी थी। राकांपा नेता ने कहा, सरकार ने न तो कोई कार्रवाई की और न ही इस मुद्दे पर संतोषजनक जवाब दिया। उन्होंने कहा, इसी तरह हमने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को महाराष्ट्र आदर्शों का अपमान करने वाली उनकी टिप्पणियों के लिए हटाने की मांग की थी। लेकिन सरकार ने उचित जवाब नहीं दिया।

पवार ने कहा, पिछले हफ्ते के प्रस्ताव पर आज मुख्यमंत्री शिंदे का जवाब एक सार्वजनिक रैली की तरह था, उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधा और पुराने मुद्दों को उठाया। उन्होंने कहा, एक मुख्यमंत्री से यह उम्मीद नहीं थी, शिंदे ने पुरानी बातें दोहराई, संदर्भ से हटकर बात की और विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर नहीं बोले।

## नवी मुंबई में किरायेदारों के लिए कोई पुलिस एनओसी नहीं



**नवी मुंबई** : नवी मुंबई में रहने वाले हजारों किरायेदारों के लिए एक बड़ी राहत में, अब उनके लिए पुलिस से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करना अनिवार्य नहीं है। नवनियुक्त पुलिस आयुक्त ने शहर में पिछले आठ दस साल से चली आ रही प्रक्रिया को समाप्त कर दिया।

नवी मुंबई पुलिस के उपायुक्त (विशेष शाखा) प्रशांत मोहिते ने कहा कि एनओसी जारी करने में भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलने के बाद यह फैसला किया गया। ''पुलिस एनओसी की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि किराएदार और मालिक पहले से ही किराए के समझौते के लिए रजिस्ट्रार को सभी विवरण जमा कर रहे हैं,'' श्री मोहिते ने कहा। उन्होंने कहा कि संपत्ति के मालिकों को केवल आधार संख्या जैसे किरायेदार के पते का प्रमाण जमा करके स्थानीय पुलिस स्टेशन को अपडेट करने की आवश्यकता है। अब तक, हाउसिंग सोसाइटी किराए पर घर लेने के तुरंत बाद किरायेदारों को पुलिस एनओसी लाने के लिए मजबूर कर रही थी।

## दादर रेलवे स्टेशन पर मिला संदिग्ध बैग, पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची, बुलाया गया बम निरोधक दस्ता

**मुंबई** : मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन पर एक संदिग्ध बैग मिला है। ये संदिग्ध बैग टिकट काउंटर पर मिला है। रेलवे पुलिस और मुंबई पुलिस की टीमें मौके पर मौजूद हैं। बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया है। मध्य रेलवे के सीपीआरओ ने कहा, दादर रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर मिले बैग की जांच बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड ने की और उसके अंदर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

## बांद्रा स्थित माउंट मैरी चर्च को मिली बम से उड़ने धमकी, पुलिस कर रही जांच

**मुंबई** : मुंबई के हाई प्रोफाइल एरिया बांद्रा वेस्ट में स्थित प्रसिद्ध माउंट मैरी चर्च को एक धमकी भरा ई-मेल मिला है। जानकारी मिली है कि ड्ढी११ड्ड१२३@ड्ढ.ड्ढ नाम के अकाउंट से मेल मिला है। इस ई-मेल में लिखा था कि लश्कर-ए-तैयबा नाम का आतंकी संगठन माउंट मैरी चर्च पर आतंकी हमला करने वाला है। प्रसिद्ध माउंट मैरी चर्च को धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद बांद्रा पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। इस धमकी भरे ई-मेल के बारे में चर्च के अधिकारी ने जानकारी दी। माउंट मैरी चर्च की आधिकारिक वेबसाइट पर आने वाले सभी ई-मेल अधिकारी के मोबाइल पर आते हैं।




बुधवार को शाम करीब सात बजे ई-मेल आईडी से लश्कर-ए-तैयबा हमले को लेकर एक ई-मेल मिला।

मुंबई पुलिस के जोन-9 के डीसीपी अनिल पारास्कर ने को बताया कि इस ई-मेल के बाद और भी कई मेल मिले हैं। जिसमें दावा किया गया है कि वह एक बच्चे की मां है। महिला ने बताया कि उन्हें पहला ई-मेल (धमकी) उनके बेटे का मिला था। डीसीपी अनिल पारास्कर ने आगे कहा कि उस ई-मेल में उनकी मां ने माफी मांगी है। महिला ने उस ई-मेल में बताया है कि उसके बच्चे की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके चलते उन्होंने ऐसा ई-मेल भेजा। नए साल के मौके पर पुलिस महकमा ऐसे ई-मेल्स को लेकर काफी सतर्क है, जिसके चलते मुंबई पुलिस इसे वेरिफाई करने का काम कर रही है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 505 (3) के तहत केस दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है, पुलिस का यह भी दावा है कि यह ई-मेल एक तरह का धोखा है लेकिन जांच के बाद पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## मुलुंड में जर्जर दीवार गिरने से महिला की मौत, एक व्यक्ति मामूली रूप से घायल

**मुंबई** : मुंबई के पूर्वी उपनगर मुलुंड में शुक्रवार सुबह एक घर की दीवार गिरने से 40 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई है। दीवार गिरने से महिला के रिश्तेदार को भी चोट आई है। हालांकि उसका रिश्तेदार मामूली रूप से घायल हो गया है। यह पूरा मामला मुलुंड कॉलोनी स्थित हनुमान पाड़ा का है। जहां जर्जर एक मंजिला मकान की दीवार सुबह साढ़े पांच बजे के करीब भरभरा कर गिर गई थी। हालांकि अधिकारी ने यह भी बताया है कि वह मकान पूरी तरह से खाली था।

पुलिस ने बताया की गाड़ी



मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल से सारा मलबा हटाया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही पीड़िता लक्ष्मीबाई कटाडे को मुलुंड (पश्चिम) में एमटी अग्रवाल अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। महिला के 50 वर्षीय रिश्तेदार रघुनाथ कटाडे को मामूली चोटें आईं और इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**खाली मकान की थी जर्जर दीवार**

बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन( बीएमसी) ने बताया कि जिस मकान की दीवार गिरी है वह एक जर्जर एकल संरचना थी। उन्होंने बताया कि जब यह बगल के ढांचे पर गिरी तो कोई भी घर के अंदर मौजूद नहीं था। जिससे दो व्यक्ति घायल हो गए थे। जिसमें 50 वर्षीय रिश्तेदार रघुनाथ कटाडे को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी लेकिन पीड़िता लक्ष्मीबाई कटाडे की जान नहीं बच सकी है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मील का पत्थर साबित होंगे रिमोट ईवीएम

चुनाव आयोग ने घरेलू प्रवासी मतदाताओं के लिए रिमोट इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन विकसित कर एक अच्छी पहल की है। ऐसी किसी पहल की आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि एक बड़ी संख्या में लोग काम-धंधे के सिलसिले में अपने घरों से बाहर रहने लगे हैं। समय के साथ ऐसे लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे करोड़ों लोग अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर पाते, क्योंकि सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा करके अपने गांव-घर वोट डालने जाना कभी भी सुविधाजनक नहीं होता। एक अनुमान के अनुसार लगभग 30 करोड़ मतदाता वोट करने से वंचित रह जाते हैं। अब ऐसे मतदाताओं के लिए रिमोट ईवीएम किसी वरदान से कम नहीं होगी। समय के साथ इस ईवीएम का लाभ बीमार और बुजुर्ग भी उठा सकते हैं और मतदान के दिनों में यात्रा करने वाले भी। इससे मतदान में उन सब लोगों की हिस्सेदारी बढ़ेगी, जो वोट डालने की इच्छा रखते हुए भी ऐसा नहीं कर पाते।

बहुत संभव है कि इससे कम मतदान की समस्या का भी समाधान हो। नि:संदेह रिमोट ईवीएम को लेकर आम लोगों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक होनी चाहिए। देखना यह है कि इस ईवीएम पर राजनीतिक दल अपनी कैसी और क्या प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं? उचित यह होगा कि वे नीर-क्षीर ढंग से अपनी प्रतिक्रिया दें और नकारात्मक के बजाय सकारात्मक रवैया अपनाएं। यह अपेक्षा इसलिए, क्योंकि कुछ राजनीतिक दल ईवीएम को लेकर सवाल उठाने के आदी रहे हैं। यह अच्छा है कि उनकी यह आदत हाल के हिमाचल और गुजरात विधानसभा चुनावों के दौरान देखने को नहीं मिली। रिमोट ईवीएम का अस्तित्व में आना चुनाव सुधार की दिशा में एक मील का पत्थर है। चुनाव आयोग से यह अपेक्षित है कि वह रिमोट ईवीएम के बाद अन्य लंबित चुनाव सुधारों की दिशा में तेजी से आगे बढ़े। ये सुधार न केवल मतदान में अधिकाधिक लोगों की भागीदारी बढ़ाने वाले होने चाहिए, बल्कि अनुचित साधनों का इस्तेमाल रोकने और साथ ही राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने वाले भी।

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि तमाम उपायों के बाद भी चुनावों में अनुचित साधनों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। लोगों को प्रलोभन देकर और अब तो सीधे-सीधे रुपये बांटकर लोगों के वोट हासिल करने की कोशिश होने लगी है। आपराधिक छवि वालों को चुनाव लड़ने से रोकना भी चुनाव आयोग की प्राथमिकता में होना चाहिए। हालांकि चुनाव आयोग एक लंबे समय से इसके लिए कोशिश कर रहा है, लेकिन वह इसलिए सफल नहीं हो पा रहा है, क्योंकि राजनीतिक दल उसके सुझावों को अपनाने के लिए तैयार नहीं। राजनीतिक दलों के आगे चुनाव आयोग की इसलिए नहीं चल पा रही है, क्योंकि उसके पास पर्याप्त अधिकार नहीं। उचित यह होगा कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग की सहायता करे और उसे जरूरी अधिकारों से लैस करने की आवश्यकता को समझे।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# अच्छे रिटर्न का झांसा देकर महिला से 10 लाख रुपये की ठगी, ठाणे पुलिस ने मामला किया दर्ज...

**महाराष्ट्र** : महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक महिला के साथ ठगी का मामला सामने आया है. जहां 57 वर्षीय महिला से एक व्यक्ति पर विदेशी मुद्रा व्यापार में निवेश कराने का झांसा देकर कथित तौर पर 10 लाख रुपये से अधिक लूटने का मामला दर्ज कराया है. पुलिस ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी.

अंबरनाथ पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि एक शिकायत के आधार पर पुलिस ने बुधवार 28 दिसंबर को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. पीड़िता के मुताबिक, उसे जुलाई 2021 में व्हाट्सएप पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा व्यापार के बारे में एक संदेश मिला और एक निवेश कंपनी का मैनेजर होने का दावा करने वाले आरोपी ने उससे संपर्क किया.



**ऐसे हुआ खुलासा**

पुलिस के अधिकारी ने बताया कि महिला को जल्द ही एहसास हुआ कि आरोपी उसके मैसेज का कोई जवाब नहीं दे रहा है. जिसके बाद उसने कंपनी के बारे में पड़ताल करना शुरू किया. तब जाकर पीड़िता को पता चला कि जिस कंपनी के लिए उसने काम करने का दावा किया था, वह अस्तित्व में नहीं थी. फ्रॉड का संदेह होने पर पीड़िता ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी.

### आरोपी ने अच्छे रिटर्न का किया वादा

पुलिस ने कहा कि आरोपी ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा व्यापार में अच्छे रिटर्न का वादा किया, जिसके बाद पीड़िता ने जुलाई और नवंबर 2021 के बीच 10.49 लाख रुपये का निवेश किया. जानकारी के अनुसार, पीड़िता को कंपनी का एक ऐप मुहैया कराया गया था, जहां वह डॉलर में अपना निवेश देख सकती थी और छोटी-छोटी रकम निकाल सकती थी. हालांकि, कुछ समय बाद उसे पैसे मिलने बंद हो गए.

# भिवंडी में दो मामलों में इतने करोड़ की ठगी

### आठ लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज...




**भिवंडी** : भिवंडी शहर में दो मामलों में 8 करोड़ 39 लाख 76 लाख 652 रुपए ठगी का मामला प्रकाश में आया है।शिकायत के बाद पुलिस ने आठ लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ठगी के दर्ज पहले मामले में सतीश तेजसिंह पुरोहित की हरिधारा कॉम्प्लेक्स अंजुरफाटा में राज मोबाइल नामक मोबाइल दुकान में व्यापार बढ़ाने का लालच देकर कामतघर निवासी लालजी पेठा कंजारीया, उपेंद्र विनोद कंजारीया, रवि विनोद कंजारीया, विपुल लालाजी कंजारीया और जिगर हरेश कंजारीया आदि ने राज मोबाइल दुकान को बजाज कंपनी से कर्ज दिलाने के नाम पर धंधे में शामिल हुए। कंजारिया ग्रुप में शामिल पांच लोगों ने आपसी साठ-गांठ कर कंप्यूटर से कई फाइल जिसमे दुकान का हिसाब किताब था गायब कर एप्रिल 2019 से नवंबर 2020 के दौरान 89 लाख 52 हजार 783 रुपए का मोबाइल बिक्री कर पैसे को अपने खाते में जमा कर लिया। दुकानदार सतीश पुरोहित की शिकायत पर नारपोली पुलिस ठगी का आपराधिक प्रकरण दर्ज कर तहकीकात कर रही है।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

ठगी की दूसरी घटना में खोका कंपाऊंड स्थित निरव सिल्क मिल्स संचालक निरव विनोद शहा ने सय्यद जमीर, शिफा जमीर सय्यद और सैफ अहमद शकील शेख की व्यवसायिक फर्म झेनीला ट्रेडिंग प्रा. लि. कंपनी को अक्टूबर 2018 से फेब्रुवरी 2020 की कालावधि के दौरान 17 करोड़ 7 लाख 68 हजार 166 रुपया का यार्न कपड़ा बनाने के लिए दिया, बावजूद झेनीला ट्रेडिंग प्रा. लि. से केवल 9 करोड़ 57 लाख 48 हजार 299 रुपए का तैयार माल ही वापस किया और बार-बार मांग के बाद भी 7 करोड़ 50 लाख 19 हजार 867 रुपए का माल वापस नहीं किया। निरव शहा द्वारा बकाया कपड़ा मांगने पर कोई उत्तर नहीं मिलने पर ठगी का मामला दाखिल कराए जाने के उपरांत पुलिस तहकीकात कर रही है।

# ढाई साल में सिर्फ एक प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ...!

### हमने 18 प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी एकनाथ शिंदे का उद्धव ठाकरे पर हमला



**नागपुर** : महाराष्ट्र विधानसभा के शीत सत्र के अंतिम दिन सीएम एकनाथ शिंदे ने सदन में कई परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस दौरान उन्होंने पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे पर भी तंज कसा। परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए शिंदे ने कहा कि, हमने 70,000 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें से 44,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं अकेले विदर्भ में हैं। इन परियोजनाओं से विदर्भ में 45,000 लोगों को रोजगार मिलेगा।

सत्र के आखिरी दिन, उद्धव ठाकरे पर तंज कसते मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, ऐसा मुख्यमंत्री दिखाओ जो ढाई साल से बाहर नहीं आया और इनाम लेकर जाओं, इसलिए हमने मुख्यमंत्री बदल दिया है। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि, ढाई साल में आपने विदर्भ के लिए क्या फैसला लिया। विदर्भ में एक किसान को एक अच्छे वाहन में यात्रा करनी चाहिए। किसान हवाई जहाज से यात्रा करें। इसलिए हम तालुकों में हवाई अड्डे शुरू कर रहे हैं। पूर्व सीएम को घेरते हुए उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री कैसे हेलीकॉप्टर से खेत जाते थे। हेलीकॉप्टर से जा रहा एक और सीएम दिखाओ और इनाम पाओ। मैं कहता हूं कि दिखाओ कि आखिरी मुख्यमंत्री कब बाहर गए और इनाम लेकर जाओ। मुख्यमंत्री ने कहा कि, अजीत दादा से कल के फैसले का स्वागत होने की उम्मीद थी। लेकिन आप गिन रहे थे कि हमारे भाषण को कितनी तालियां मिलीं। दादा ने नहीं सोचा था कि हम इतना बड़ा फैसला लेंगे। उन्होंने मजाक में यह भी कहा कि, उन्होंने हमारी सरकार के काम की गति देखी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, ढाई साल में सिर्फ एक प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ और हमने 18 प्रोजेक्ट को स्वीकृति दी। गलती सुधारने से ही आदमी सुधर जाता है। उन्होने काही की, प्रबोधनकार ठाकरे के पोते ने लिंबू टिम्बू की भाषा बोलना शुरू कर दिया है।



## विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ एमवीए के विधायक लाए अविश्वास प्रस्ताव

# ...अजीत पवार ने दिया बड़ा बयान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। विधायकों का आरोप है कि स्पीकर ने सदन में बोलने नहीं दिया। इस संबंध में 39 विधायकों के हस्ताक्षर वाला पत्र विधानसभा सचिव राजेंद्र भागवत को सौंपा गया है। वहीं इस मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव लाने की मांग के बारे में कोई जानकारी होने से इनकार किया। अजीत पवार ने कहा कि उन्हें इस तरह के किसी भी घटनाक्रम की जानकारी नहीं है। वहीं अजीत पवार ने कहा कि अगर उन्हें प्रस्ताव की जानकारी होती तो वह इस पर हस्ताक्षर भी कर देते। इससे पहले एमवीए विधायकों ने महाराष्ट्र विधानमंडल सचिव राजेंद्र भागवत को एक पत्र लिखा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि विपक्षी सदस्यों को अध्यक्ष द्वारा सदन में बोलने की अनुमति नहीं दी गई थी। पवार ने कहा कि मुझे स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी नहीं है। आज सुबह 9 बजे मैं विधानसभा गया और अब दोपहर 12 बजे बाहर आ रहा हूं। जहां तक मेरी जानकारी है, सदन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। अगर मुझे इस प्रस्ताव की जानकारी होती, तो मेरे हस्ताक्षर होते। मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# आरे कॉलोनी में मिलीं देवी-देवताओं की पुरानी मूर्तियां!

## लगभग 350 साल से अधिक पुरानी होने का अनुमान...

**मुंबई :** सनातन इतिहास के अनेकों रहस्य को अपने गर्भ में समेटे धरती आज भी सदियों पुरानी पूजा पद्धति का प्रमाण जब-तब देती रहती है। अयोध्या, काशी मथुरा समेत न जाने कितने शहरों और उसके आसपास में मूर्तियों के दबे होने का दावा इतिहासकारों द्वारा किया जाता रहा है। जिसे एक वर्ग द्वारा कपोल कल्पना कहा जाता है तो एक वर्ग द्वारा वैदिक प्रमाण से आस्था को सिद्ध किया जाता है। इस बीच, मुंबई की आरे कॉलोनी के यूनिट-20 के एक सुनसान जगह से सैकड़ों साल पुरानी हिंदू देवी-देवताओं की पत्थर की मूर्तियां और एक पत्थर के शिवलिंग का एक हिस्सा मिलने से पुरातत्व विभाग के साथ आम लोगों में उत्साहपूर्ण जिज्ञासा देखने को मिल



रही हैं। उल्लेखनीय है कि स्थानीय निवासी जुबेर अंसारी द्वारा इन मूर्तियों को खोजा गया है, जिसे अब सीधा और साफ किया गया है। इन गहरे भूरे और काले पत्थर की मूर्तियों की उम्र 100 से 350 साल के बीच होने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोग वैज्ञानिक कार्बन डेटिंग करने के लिए विशेषज्ञों से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। अंसारी ने बताया कि इससे पहले मैं इस स्थान पर कीचड़ और लंबी घास में ढंके कुछ भारी पत्थर के टुकड़े देखता था जो सीप्ज सीमा के बहुत करीब है। जिज्ञासा से मैंने इन भारी पत्थर के हिस्सों को साफ किया। घास हटाने के बाद कुछ मूर्तियां दिखाई दी जो जमीन पर पड़ी थीं। ये मूर्तियां भगवान शिव, दुर्गा, हनुमान और अन्य देवताओं की हैं। साथ ही शिवलिंग का हिस्सा भी है। लोगों को लगता है कि ये मूर्तियां कम से कम 500 साल पुरानी है लेकिन उनकी सही उम्र की पुष्टि के लिए विशेषज्ञों की प्रतीक्षा है। दुर्गा की मूर्ति काफी अच्छी तरह से संरक्षित है। अपने योद्धा अवतार (कई हाथों से) को दिखाती है। हो सकता है कि आरे जंगल के भीतर कभी एक प्राचीन मंदिर रहा था जिनकी यह मूर्तियां हो सकती हैं। वनशक्ति एनजीओ के पर्यावरणविद् डी स्टालिन ने बताया कि आरे जंगल प्राचीन भारतीय अवशेषों का खजाना है, क्योंकि यह कन्हेरी गुफाओं के (संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के भीतर) पास है। करीब ही महाकाली, जोगेश्वरी गुफाएं भी स्थित हैं। जिनमें अभी भी देवी देवताओं की मूर्ति है। उन्होंने कहा कि पुर्तगाली जेसुइट्स-सेंट जॉन द बैप्टिस्ट चर्च द्वारा निर्मित 16वीं शताब्दी के जीर्ण-शीर्ण चर्च के अवशेष अभी भी सीप्ज के अंदर देखे जा सकते हैं।

## घर से दूर रहने वाले मतदाता भी कर सकेंगे मतदान



**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से गृह स्थान से देश में अन्यत्र रह रहे नागरिकों को वहीं से रिमोट वोटिंग की सुविधा देने की तैयारी कर रहा है। आयोग की ओर से इस सुविधा को उपलब्ध करा दिये जाने के बाद देश में कहीं से भी अपने गृह/मूल निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान करना संभव होगा। प्रवासी मतदाताओं को मतदान के लिए वापस अपने गृह राज्य/नगर जाने से मुक्ति मिलेगी।

निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार उसने प्रोटोटाइप रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विकसित की है, यह दूरस्थ मतदान केन्द्र से ही मतदाताओं को अपने क्षेत्र में मतदान कराने की सहूलियत करायेगी। आयोग ने कहा है कि उसने इस मशीन की कार्यप्रणाली को दिखाने के लिए राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया है। रिमोट वोटिंग की यह सुविधा समुचित कानूनी व्यवस्था, प्रक्रियात्मक, प्रशासनिक और प्रौद्योगिकीय चुनौतियों के समाधान के बात की जा सकेगी।

## टिटवाला में 51 बिजली चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

### इतने लाख की चोरी का मामला पकड़ा गया




**उल्हासनगर :** महावितरण की विशेष टीमों द्वारा बिजली की चोरी करने वालों के खिलाफ व्यापक अभियान शुरू किया गया है। इसी के अंतर्गत टिटवाला में 51 लोगों को बिजली की चोरी करते हुए पकड़ा है और इनके खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुरबाड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। ऊक्त मामला सहायक अभियंता नीलेश महाजन द्वारा कार्रवाई के बाद बिजली चोरी भुगतान और समझौता राशि का भुगतान नहीं करने की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

विशेष अभियान के तहत महावितरण की टीम ने विदिशा चाल, आंबेडकर चौक, उम्बार्ली रोड, मोहेली रोड, अशोक दारुवाला चाल, दलवी चाल, पटेल चाल, गणेशवाड़ी, सावित्रीबाई फुलेनगर, कुलस्वामी चाल, साईबाबा चाल आदि इलाकों में बिजली चोरी की आशंका को लेकर छापा मारा। टिटवाला में इस कार्रवाई में 51 लोगों को मीटर में आने वाली केबल को टैप कर बिजली चोरी करते पाया गया।

**मुरबाद पुलिस ने 51 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है**

तदनुसार, उनके द्वारा उपयोग की जाने वाली चोरी की बिजली के भुगतान और बंदोबस्त राशि के संबंध में एक नोटिस जारी किया गया था। लेकिन जब संबंधितों ने यह राशि नहीं दी तो उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। मुरबाड पुलिस ने 51 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और इस अपराध की जांच पुलिस निरीक्षक प्रसाद पांढरे कर रहे हैं।

# डोंबिवली में MIDC की पाइप लाइन से पानी चोरी की घटनाएं बढ़ी...

## अधिकारियों ने कहा कार्रवाई की जाएगी

**कल्याण :** डोंबिवली में एमआईडीसी की पानी की पाइप लाइन के वॉल्व से छेड़छाड़ कर पानी की चोरी का मामला बढ़ता जा रहा है। जैसे ही कल्याण शील रोड पर सागर होटल वेंकटेश पेट्रोल पंप के सामने पाइप लाइन से पानी के रिसाव का वीडियो सोशल मीडिया पर और एमआईडीसी के अधिकारियों को भेजा गया, एमआईडीसी के कर्मचारियों ने आकर पाइप लाइन के वाल्व पर कपड़ा लपेट कर अस्थायी रूप से रिसाव बंद कर दिया, मगर फिर से लीकेज शुरू हो गया है और साफ दिखाई दे रहा है कि यह अभी और बढ़ेगा।

काटई-बदलापुर पाइप लाइन एमआईडीसी पर इस तरह के वाल्व डोंबिवली क्षेत्र में कई जगहों पर स्थित हैं। कुछ सामाजिक असामाजिक तत्व वहां पाइप लाइन में छेड़छाड़ कर रहे हैं। जिससे पिछले कुछ वर्षों से लाखों लीटर पानी लीक हो रहा है। आरटीआई के माध्यम से जानकारी मिली है कि करीब 16 प्रतिशत पानी की बरबादी हो रही हैं।

पानी के रिसाव और चोरी



को रोकने के लिए एमआईडीसी प्रशासन कोई प्रयास करता नजर नहीं आ रहा है। अभी भी प्रशासन डोंबिवली-कल्याण ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी और कम दबाव वाली जलापूर्ति की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाया हैं। कल्याण शील और कटाई बदलापुर सड़कों पर पानी की चोरी। रिसाव को रोकने के लिए कुछ साल पहले एमआईडीसी द्वारा सुरक्षा गार्ड नियुक्त किए जाने थे, लेकिन अभी तक नियुक्त करने का मुहूर्त नहीं बना है।

**एमआईडीसी को इसका लाभ मिलेगा**

अब एमआईडीसी को इन बड़ी पाइपलाइनों पर कम से कम सीसी कैमरे लगाने चाहिए ताकि चोरी को रोका जा सके या पाइप लाइन फटने, लीक होने की जानकारी तत्काल मिल सके। एमआईडीसी निगम महाराष्ट्र में एक लाभदायक, समृद्ध और आर्थिक रूप से मजबूत निगम है। यदि इस उपाय से पानी का रिसाव और चोरी कम होती है। तो एमआईडीसी को इसका लाभ मिलेगा। लेकिन सामाजिक कार्यकर्ता राजू नलवड़े ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा संदेह है कि एमआईडीसी पिछले कुछ वर्षों से पाइप लाइन में पानी के रिसाव को रोकने के लिए जानबूझकर उपाय नहीं कर रही है।

# महाराष्ट्र में 25 लाख 30 हजार आधार कार्ड अवैध...



**महाराष्ट्र :** भारत के हर नागरिक के लिए आधार कार्ड एक बेहद अहम दस्तावेज माना जाता है. जीवन के हर अहम मोड़ पर यह हर भारतीय की पहचान के आधार के तौर पर काम करता है. लेकिन महाराष्ट्र के करीब 25 लाख 30 हजार 218 विद्यार्थियों के आधार कार्ड अवैध पाए गए हैं. शिवसेना के ठाकरे गुट की विधायक मनीषा कायंदे ने विधान परिषद इस बारे में सवाल किया तो शिक्षा विभाग ने यह जानकारी दी. विद्यार्थियों के पास आधार कार्ड ना होने की वजह से उन्हें कई योजनाओं के फायदे नहीं मिल पाते हैं. विद्यार्थियों का कहना है कि आधार अपडेट होने में काफी वक्त लगता है.

सरकार की ओर से अपडेट के लिए दिसंबर आखिर तक का वक्त दिया गया है. लेकिन आधार अपडेट होने में वक्त लगने की वजह से विद्यार्थियों में चिंता है. लास्ट डेट निकल जाने के बाद इन विद्यार्थियों का क्या होगा, यह सवाल खड़ा हो गया है और इसका जवाब नहीं सूझ रहा है. आधार कार्ड निकालने के बाद इसमें कई बदलाव आते हैं. कभी पता बदल जाता है, कभी अंगूठे के निशान में फर्क आ जाता है, कभी नाम की स्पेलिंग गलत हो जाती है, कभी मोबाइल नंबर बदल जाता है. इन सब चीजों को अपडेट करना जरूरी है. इसलिए दस सालों में आधार ई-केवाईसी (EKYC) करना जरूरी है. इसलिए जिन लोगों को आधार कार्ड निकाले हुए दस सालों से ज्यादा का वक्त हो चुका है, उनकी ओर से पास के आधार केंद्र में जाकर केवाईसी करवा लेना जरूरी है. सरकार की ओर से देश भर के नागरिकों के लिए आधार कार्ड रजिस्ट्रेशन के लिए बड़ी मुहिम शुरू की गई. शासन द्वारा जारी की गई नियमावली में यह साफ निर्देश है कि दस सालों में आधारकार्ड को अपडेट करवाना जरूरी है. जिन लोगों के आधार कार्ड के रजिस्ट्रेशन के दस साल पूरे हो गए हैं, उनके लिए आधार अपडेट करने के लिए कल तक का वक्त है. कल का वक्त खत्म होने के बाद क्या होगा, इसका फिलहाल कोई जवाब नहीं है.

### बोगस विद्यार्थियों पर रोक के लिए आधार कार्ड लिंक की शुरूआत..

**राज्य में बोगस छात्रों का मामला सामने आया तो 3 जुलाई 2015 को राज्य शासन ने इस पर रोक लगाने के लिए एक आदेश दिया. इस आदेश के मुताबिक संस्थानों में एडमिशन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस को आधार कार्ड से लिंक कर दिया. इसका मकसद बोगस छात्रों पर अंकुश लगाना था.**

# बेस्ट बस के चालक के साथ दुर्व्यवहार मामले में दो आरोपी बरी...



**मुंबई :** मुंबई की एक अदालत ने नगर निगम द्वारा संचालित बेस्ट बस के एक चालक के साथ जानबूझकर दुर्व्यवहार करने के आरोप में दो लोगों को बरी कर दिया है क्योंकि चालक को वे कथित 'सटीक अपशब्द' याद नहीं थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दत्ता होबले ने हार्दिक व्यास (27) और शैलेश शाह (36) को बरी कर दिया। दोनों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 353 (सरकारी कर्मचारी को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकना), 332 (चोट पहुंचाना) और 504 (जानबूझकर अपमान) के तहत आरोप लगाए गए थे। अदालत ने यह आदेश 29 दिसंबर को पारित किया, हालांकि इसका ब्योरा शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, यह घटना अप्रैल 2008 में हुई थी जब 'बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग' (बेस्ट) की एक बस दक्षिण मुंबई के कोलाबा डिपो से आगरकर चौक की ओर जा रही थी। रास्ते में, एक ऑटोरिक्शा में सवार दोनों आरोपियों ने बस ठीक से नहीं चलाने का आरोप लगाते हुए बस चालक के साथ मारपीट की और दुर्व्यवहार किया।

# महाराष्ट्र में पति की हत्या कराकर फांसी के फंदे पर लटकाया, महिला गिरफ्तार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के अकोला में एक महिला ने 30 हजार रुपये की सुपारी देकर अपने ही पति की हत्या कर दी. पति की हत्या करवाने के बाद महिला ने पुलिस को गुमराह करने के लिए सुसाइड का रूप दे दिया. पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय युवक का शव बुधवार सुबह दहिहंडा थाना क्षेत्र के पुंडा गांव में फंदे से लटका मिला था. पुलिस ने कहा कि व्यक्ति के शरीर को रस्सी से बांधा गया था और चोट के निशान थे, जो हत्या का संकेत दे रहे थे. पुलिस अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने युवक की पत्नी से पूछताछ की. पूछताछ में महिला ने कबूल किया कि उसने उसे मारने की साजिश रची थी. महिला ने बताया कि पति को मारने के लिए गांव के एक युवक को 30,000 रुपये दिए थे. आरोपी महिला ने कहा कि पति का गला रस्सी से घोंटा गया था और उसके शरीर को लोहे के बीम से लटका दिया गया था ताकि ऐसा लगे कि उसने आत्महत्या की है. पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिला ने दावा किया है कि उसका पति शराब पीता था और उसके साथ मारपीट करता था. महिला ने कहा कि वह अपने उत्पीड़न से थक चुकी थी.

### पति की खराब आदतों से परेशान थी महिला...

**पुलिस ने पति की हत्या के आरोप में 28 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है. महिला के अलावा हत्या करने वाले युवक को भी गिफ्तार किया गया है. आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है. पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसका पति शराब पीकर उसे परेशान करता था. बार-बार मना करने के बावजूद वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा था. इसलिए वह उससे छुटकारा पाने के लिए हत्या की साजिश रची. महिला का कहना है कि वह पति से बहुत परेशान हो चुकी थी. हत्या के लिए उसने गांव के ही एक शख्स को मोहरा बनाया और पैसे का लालच दिया.**

# भिवंडी में एटीएम तोड़कर 26 लाख कैश चुराने वाला गिरोह राजस्थान से गिरफ्तार

**भिवंडी :** भिवंडी ग्रामीण क्षेत्र पूर्णा स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम को गैस कटर से काटकर नकदी चोरी करने वाले गिरोह के पांच लोगों को भिवंडी क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान से गिरफ्तार कर बड़ी कामयाबी हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार, नारपोली पुलिस स्टेशन क्षेत्र के पूर्णा गावं में एचडीएफसी बैंक का एटीएम है। रात करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने एटीएम काट कर उसमें से 26 लाख 4 हजार 500 रुपए नकद चुरा कर फरार हो गये थे। इस मामले की रिपोर्ट नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। नारपोली पुलिस के साथ-साथ भिवंडी क्राइम ब्रांच की टीम भी इस मामले की जांच और चोरों के गिरोह की तलाश कर रही थी।

### पुलिस ने किया पांच आरोपियों को गिरफ्तार

भिवंडी अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार, राम सिंह



चव्हाण, रवींद्र पाटिल, हवलदार सुनील सालुंखे, मंगेश शिर्के, साबिर शेख, रंगनाथ पाटिल, भास्कर शिंदे, सचिन जाधव, भावेश घरात, प्रशांत बर्वे, जितेंद्र पाटिल, रोशन जाधव, माया डोंगरे, श्रेया खताल की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर चोरी के प्रकरण में प्रयोग की गई 10 लीटर क्षमता की ऑक्सीजन सिलेंडर से एटीएम मशीन काटने वाले मुख्य आरोपी शराफत अजमत खान (27) कैथवाड़ा को भरतपुर, राजस्थान से गिरफ्तार कर भिवंडी लाया गया। पूरी पूछताछ के बाद, इलियास यूनुस खान (52), गुलाम इलियास खान (27), शोएब इलियास खान (27), सभी निवासी मुंब्रा रेलवे स्टेशन के पास, मुंब्रा, ठाणे और तौफीक रफीक अंसारी (24) को मुंब्रा से गिरफ्तार कर चोरी में प्रयोग की गई सुजुकी एक्सेस स्कूटी MH04-KY-3528 और हीरो होंडा पैशन मोटर साइकिल MH14 CA-1753 नंबरों के दो वाहनों को जब्त कर लिया है। सभी पांचों आरोपियों को भिवंडी अपराध शाखा द्वारा नारपोली पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है। पुलिस को आशा है कि गिरफ्तार शातिर चोरों से चोरी के अन्य मामलों का खुलासा हो सकता है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com